हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 3 मई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 गर्भवती, शिशुवती माताओं के पोषण स्वास्थ्य को लेकर हुई कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा आज, 12 केंद्रों में शामिल होंगे 4939 परीक्षार्थी

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 के सफल और पारदर्शी आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां पूरी कर ली है। 3 मई को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए अम्बिकापुर शहर में कुल 12 केंद्र निर्धारित किए गए हैं जहां 4939 परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एक ही पाली में संपन्न होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु समय-सारणी का कड़ाई से पालन किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के गेट सुबह 11 बजे खोल दिए जाएंगे ताकि सघन तलाशी की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। पारंपरिक या धार्मिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को दोपहर 12.30 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थियों को दोपहर 1.15 बजे तक अपनी सीट ग्रहण करनी होगी। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि दोपहर 1.30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को अपने साथ एडमिट कार्ड का स्पष्ट कलर प्रिंटआउट, पासपोर्ट साइज फोटो और प्रोफॉर्मा पर चिपकी हुई पोस्टकार्ड साइज फोटो, मूल पहचान पत्र में आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है, पोशाकरू हल्के रंग के, आधी बाजू वाले साधारण कपड़े (बिना बड़े बटन या भारी कढ़ाई के)। जूते वर्जितरू जूते पहनकर आना प्रतिबंधित है, केवल साधारण चप्पल या कम ऊंचाई वाली सैंडल मान्य होगी। आभूषण में किसी भी प्रकार के धातु के गहने जैसे अंगूठी, चैन या बाली पहनना वर्जित है।

### द्वितीय अपील की सुनवाई अब कलेक्टर न्यायालय में

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 28 अप्रैल में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 में संशोधन किया गया है। यह संशोधन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम 2026 के तहत लागू किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार संहिता की धारा 44 उपधारा (2) के उपखण्ड (क) के स्थान पर नवीन प्रावधान प्रतिस्थापित किया गया है। इस संशोधन के फलस्वरूप अब धारा 44(2) के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रदान किया गया है। नवीन व्यवस्था लागू होने के बाद अग्रेत्तर सुनवाई हेतु कुल 2601 द्वितीय अपील प्रकरणों को संबंधित जिला कलेक्टर न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से अब पक्षकारों को अपने ही जिले में अपील की सुनवाई का लाभ मिलेगा, जिससे समय एवं संसाधनों की बचत होगी तथा न्याय प्रक्रिया अधिक सुलभ और त्वरित बन सकेगी।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच भवन की लिफ्ट बंद, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- पांच दिनों से नहीं मिल रही सुविधा, रैंप व सीढ़ियों से चढ़कर जा रहे मरीज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच भवन में लगाया गया लिफ्ट एक बार फिर से खराब हो गया है। लिफ्ट में आई खराबी के बाद उसे बंद कर दिया गया है। लिफ्ट के बंद होने के बाद मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर प्रबन्धन का दावा है कि मशीन के कलपुर्जे में आई खराबी की सूचना कंपनी को दी गई है और हैदराबाद से सामान मंगवाया गया है। सामान आने के बाद लिफ्ट के मरम्मत का कार्य शुरू होगा।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अंतर्गत संचालित एमसीएच भवन में आने वाले गर्भवती, शिशुवती माताओं, मरीजों और बुजुर्गों के लिए लिफ्ट की सुविधा प्रदान की गई है। लिफ्ट लगने से लोगों को अस्पताल के उपरी मंजिल पर संचालित वार्डों और विभागों में जाने में परेशानी नहीं होती थी लेकिन पिछले चार पांच दिनों से एक बार फिर यह लिफ्ट बंद पड़ी हुई है। लिफ्ट के बंद होने से मरीजों को खासी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच अस्पताल आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ ही मरीजों को सीढियां चढ़कर


बंद पड़ी लिफ्ट।

या फिर रैम्प के जरिए ऊपर की मंजिल पर जाना पड़ रहा है जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। हालांकि अस्पताल में एक और लिफ्ट मौजूद है लेकिन इसका उपयोग चिकित्सक, गंभीर मरीज और प्रसूता के लिए किया जा रहा है जबकि शेष लोगों को अस्पताल में पैदल की ऊपरी मंजिल तक जाना पड़ रहा है। इधर प्रबंधन का कहना है कि लिफ्ट में आई खराबी को दूर करने के लिए कंपनी से संपर्क किया गया है और खराब हुई मशीन को बदलने के लिए हैदराबाद से सामान मंगवाए जा रहे है। सामान आने में तीन से चार दिनों का समय लग सकता है जिसके बाद लोगों को सुविधा मिल सकेगी।

### ओवर लोड के कारण आई खराबी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में संचालित लिफ्ट में इसके पहले भी खराबी आ चुकी है और मरीजों के साथ ही बीच में लिफ्ट बंद हो गया था। लिफ्ट बंद होने के कारण लोगों की जान हलक में आ गई थी। वहीं के बार फिर से यह मशीन खराब हो गई जिसके बाद लिफ्ट को बंद कर दिया गया है। उक्त लिफ्ट को कर्मचारी द्वारा ही ऑपरेट किया जाता है लेकिन बड़ी बात यह है कि लिफ्ट में ओवर लोडिंग की जा रही है। लिफ्ट में स्ट्रेचर से क्षमता से अधिक सामान, लोगों को ले जाया जा रहा है जिससे लिफ्ट पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। वहीं अस्पताल के वार्डों में खाना बाटने के लिए कर्मचारी भी भारी भरकम ट्रॉली को ऊपर तक ले जाने के लिए लिफ्ट का उपयोग करते है। क्षमता से अधिक वजन के कारण लिफ्ट के खराब होने की सम्भावना जताई जा रही है।

### मंगवाया गया है सामान

लिफ्ट में आई खराबी की जानकारी कंपनी को दी गई है। लिफ्ट के सामान को हैदराबाद से मंगवाया गया है। सामान आने के बाद जल्द ही मरम्मत कार्य कराकर लिफ्ट को शुरू कराया जाएगा।

-डॉ. जेके रेलवानी
प्रभारी अस्पताल अधीक्षक

### जन जीवन हुआ प्रभावित, विद्युत आपूर्ति हुई बाधित

# आंधी ने मचाई तबाही, उखड़े दर्जनों पेड़ और विद्युत पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**
- तापमान गिरने से गर्मी से मिली राहत

शनिवार की दोपहर मौसम में अचानक हुए बदलाव और तेज अंधड़ तूफान ने जिले में जमकर तबाही मचाई है। 50-60 किमी की रफ्तार से चली हवाओं के कारण शहर सहित जिले भर में दर्जनों की संख्या में पेड़ धराशायी हो गए। पेड़ लोगों के घरों पर गिरे जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही विद्युत पोल उखड़ गए। आंधी तूफान और बारिश के कारण शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। हालांकि आंधी तूफान और बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विज्ञानी आगामी चार-पांच दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम चलने के साथ ही तेज रफ्तार आंधी चलने एवं कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

मौसम विज्ञानी के अनुसार शनिवार को उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ हैं वहीं पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है साथ ही राजस्थान से लेकर खम्भात की खाड़ी तक द्रोणिका सक्रिय है। दूसरी द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश से मणिपुर तक सक्रिय है। साथ ही पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्रों पर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। भारत में सक्रिय प्रति चक्रवात अब कमजोर पड़ गया है। देश के विभिन्न राज्यों में एक साथ कई मौसमी घटकों के ▶▶ शेष पेज 4 पर


घर पर गिरा पेड़।


विद्युत तार पर टूट गिरी डगाल।

### तापमान में आई गिरावट

अंधड़ की रफ्तार धीमी होने पर हल्की वर्षा हुई। शाम 6.30 बजे भी कुछ देर तक आंधी चली तथा कहीं-कहीं बूंदाबादी हुई। मौसम विज्ञानी आगामी 4-5 दिनों तक मौसम के प्रतिकूल रहने के साथ ही कहीं-कहीं 50-60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। शनिवार को पूरे दिन धूप निकलने के कारण दिन के तापमान में 2 डिग्री से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है तथा अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

### घर पर गिरा पेड़, बाल बाल बचा परिवार

उदयपुर क्षेत्र के साथ ही लखनपुर क्षेत्र में भी आंधी तूफान से कई पेड़ सड़क पर गिर गए जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रबह्मीट हुआ। तेज हवा के कारण लखनपुर थाना परिसर के सामने लगा पुलिस थाने का बोर्ड भी पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं तेज हवा के कारण एक विशालकाय साल का पेड़ ग्रामीण के मकान पर गिर गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई लेकिन मकान क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण को भारी नुकसान हुआ है। वहीं जिले में अन्य क्षेत्रों से भी मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।

# शराब बनाने से मना किया तो महिला ने पति पर डाल दिया खौलता हुआ माड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- गंभीर बुजुर्ग का चल रहा उपचार, अपराध दर्ज

शराब बनाने से मना करने पर आक्रोशित महिला ने अपने ही पति पर खौलता हुआ माड़ डाल दिया। चावल का गर्म पानी डालने से ग्रामीण बुरी तरह से झुलस गया है। ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। इधर इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल महिला फरार बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि दरिमा के नवाबांध निवासी 57 वर्षीय कन्नीलाल राजवाड़े आ. स्व. नान राम पत्नी रामबाई व बड़े बेटे राजेन्द्र प्रसाद रजवाड़े के साथ रहता है जबकि उसका छोटा भाई घर में ही अलग रहता है। ग्रामीण की पत्नी राम बाई अपने छोटे बेटे के साथ मिलकर घर में शराब बनाती है और गांव के लोग घर में आकार शराब पीते है। महिला की इस हरकत से परिवार का माहौल खराब हो रहा था जिसे लेकर कन्नी लाल राजवाड़े ने पत्नी को शराब बनाने से मना करता था। 29 मई को भी दोनों के बीच शराब बनाने को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद के बाद रात लगभग 9 बजे कन्नी लाल राजवाड़े घर के आंगन में आराम कर रहा था जबकि



उसका बेटा राजेन्द्र प्रसाद राजवाड़े घर के अंदर खाना खा रहा था। इसी बीच अचानक ही राम बाई खौलता हुआ माड़ ( चावल का गर्म पानी) लेकर आई और कन्नी लाल पर उड़ेल दिया। गर्म माड़ गिरने के बाद बुजुर्ग चीखने चिल्लाने लगा जबकि वारदात के बाद महिला घर से भाग गई। इधर जलने से गंभीर ग्रामीण को पुत्र व परिजन द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। इस घटना में ग्रामीण बुरी तरह से जल गया है। इधर मामले में कन्नी लाल राजवाड़े की शिकायत पर दरिमा पुलिस ने रामबाई के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(3), 118(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को मारी टक्कर, चार घायल

**रामानुजगंज।** शनिवार सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 3 स्थित रिंग रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार घर के बाहर खड़े मोहम्मद मकसूद (52 वर्ष) को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार मनोज (22 वर्ष), उसकी पत्नी गीता (19 वर्ष) और भतीजी प्रतिमा (14 वर्ष) भी हादसे में घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल मनोज और मकसूद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि हल्की चोटें आने पर गीता और प्रतिमा को 100 बिस्तर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां सभी घायलों का उपचार जारी है।बताया जा रहा है कि बाइक सवार सभी लोग सुगवादामर, झारखंड के निवासी हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड पर तेज रफ्तार वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।



# हाथियों ने दो घरों को ढहाया, स्कूलों में की तोड़फोड़

**अम्बिकापुर।** मैनपाट के वनों में भ्रमण कर रहे 14 सदस्यीय हाथियों ने बीती रात जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने ग्राम कंडराजा स्थित प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही ग्राम चोरकीपानी में दो घरों को ढहा दिया। हाथियों के भय से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण अपने जानमाल की सुरक्षा के लिए रतजगा करने मजबूर है।

पिछले दो महीनों से 14 हाथियों का दल मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। भोजन की तलाश में हाथी अलग-अलग दलों में विभिक्त हो जा रहे हैं तथा आबादी क्षेत्र में पहुंचकर तोड़फोड़ मचा रहे हैं। बीती रात हाथियों ने कंडराजा स्थित प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में जमकर तोड़फोड़ मचाया। हाथियों ने स्कूल के गेट को तोड़ दिया तथा कुर्सी-टेबल आदि को तोड़ने के साथ ही मध्याह्न भोजन के राशन को चट कर गए। हाथियों की तबाही से क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत है। प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथियों का दल चोरकीपानी बस्ती में पहुंच गया तथा दो ग्रामीणों के घर को ढहा दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों ने भानूप्रताप यादव आ.विश्वनाथ यादव एवं गंगा यादव आ.देवमुन यादव के घरों को ढहाने के साथ ही मक्के की फसल को तबाह कर दिया। वन अमला क्षति का आंकलन कर रहा है। वनकर्मी प्रभावित ग्राम बरवाली, चोरकीपानी, बरडांड, कंडराजा एंव ननाइनडांड में लगातार मुनादी करा हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों को सावधानी बरतने जागरूक कर रहे हैं।



### शिकायत के बाद पुलिस ने दर्ज किया अपराध, वीडियो वायरल, तालाब की भूमि से हटा रहे थे मिट्टी

# अतिक्रमण हटाने गई टीम से साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित रिंगबांध तालाब में किए गए अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। टीम ने तालाब में पाटी गई मिट्टी को हटाने का काम शुरू किया। बड़ी बात यह है कि कार्रवाई के दौरान भूमि स्वामी ने जमीन को निजी भूमि होने का दावा करते हुए कार्रवाई को अवैध बताया और कार्रवाई करने गए निगम की उड़न दस्ता टीम के सदस्यों, जेसीबी ऑपरेटर सभी से गाली गलौज करने के साथ ही काम में बाधा उत्पन्न कर दिया।


कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारी।

सूचना के बाद फिर से मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने पुलिस की मौजूदगी में फिर से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। वहीं इस मामले में जेसीबी मशीन ऑपरेटर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। बता दें कि बस स्टैण्ड स्थित रिंग बांध स्थित भूमि खसरा न. 3714 रकबा 0.231 हे. में सूरजपुर जिले के जयनगर निवासी आजाद ईराकी आ. रियाजुददीन द्वारा अवैध मिटटी भर कर समतलीकरण कर दिया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद प्रशासन ने तालाब को पाटने पर रोक लगा दी थी। यह बात सामने आई थी कि रिंगबांध का कुल रकबा प्रशासन के रिकार्ड में 6.25 एकड़ निस्तार मद में दर्ज है। इस तालाब के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया गया है। इसमें से 57 डिसमिल जमीन को जनवरी 2026 में आजाद इराकी के नाम पर रजिस्ट्री करा ली गई थी। इसके बाद भू माफिया तालाब को पाट रहे थे। इस पर कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों ने आपत्ति जताई तो आनन-फानन में अंबिकापुर तहसीलदार ने जमीन पाटने पर रोक लगा दी। यह मामला नगर निगम की सामान्य सभा में भी उठा था। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि तालाब निस्तार मद की भूमि को पाटने के लिए अनुमति नहीं ली गई थी। इसके बाद नगर निगम ने उक्त अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे। निर्देश के बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर




Our Stars of JEE Session-II
RESULTS ही है, हमारी पहचान
ये सिर्फ रिजल्ट नहीं...
ACHARYA INSTITUTE
Ka statement hai
ADYA GUPTA
99.76 %ile
PHY: 99.61 CHE: 99.76
MATH: 99.39
NATIK CHANDWANI
99.21 %ile
PHY: 99.53 CHE: 97.97
MATH: 98.53
UTKARSH AWASTHI
99.20 %ile
PHY: 98.06 CHE: 99.25
MATH: 98.51
PRASAN AGRAWAL
99.60 %ile
PHY: 99.65 CHE: 98.23
MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH
99.21 %ile
PHY: 99.27 CHE: 98.97
MATH: 97.44
Cat.AIR 774
AIR 12770
AIR 12577
AIR 3813
AIR 6420
AIR 12665
हर मार्क के पीछे है Acharya का भरोसा
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.94 %ile PHY: 99.10 CHE: 94.26 MATH: 98.07
YASH CHANDANI 98.67 %ile PHY: 98.40 CHE: 97.43 MATH: 97.70
ADITI KRISMUCS 98.44 %ile PHY: 94.88 CHE: 99.01 MATH: 98.01
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87 MATH: 86.75
RAGHAV SINGH 97.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
SRIJAN SWARNAKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97 MATH: 92.01
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49 MATH: 86.79
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile PHY: 86.33 CHE: 96.33 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94 MATH: 67.66
ASTHA SONI 94.77 %ile PHY: 96.64 CHE: 91.81 MATH: 81.65
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile PHY: 91.88 CHE: 76.10 MATH: 95.29
MOKSHA TIWARI 92.90 %ile PHY: 90.52 CHE: 91.08 MATH: 92.37
OM VERMA 92.90 %ile PHY: 96.68 CHE: 92.96 MATH: 95.86
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13 MATH: 64.33
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile PHY: 87.87 CHE: 61.02 MATH: 96.52
99%+ 5 Students
98%+ 4 Students
95%+ 18 Students
36+ Students Advanced Qualified
Best "NEET" Results 2024
ACHARYA KI SHRISHTI
छत्तीसगढ़ NEET TOPPER
710/720 STATE TOPPER
AIR 364
FIRST RANK IN CHHATTISHGARH
PHY 180/180 CHE 175/180 ZOO 180/180 BOT 175/180
AIIMS BHOPAL
SHRISHTI GUPTA
3 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2550
705/720
PHY 180/180 CHE 180/180 ZOO 175/180 BOT 170/180
AIIMS HYDERABAD
GUNJAN MISHRA
2 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2575
663/720 ANANYA GUPTA JNM RAIPUR
647/720 AKSHAT JAISWAL GMC RAJNANDGON
644/720 SHUBH SHARMA GMC RAJNANDGON
640/720 ANISH DEWANGAN CIMS BILASPUR
630/720 SUBRAT JAISWAL GMC RAIGARH
617/720 SNEHA SINGH DEV JNM RAIPUR
Best "NEET" Results 2025
564/720 JANHVI JAIN JNM RAIPUR
561/720 AADYA KAUSHIK JNM RAIPUR
533/720 ASHFIYA ALI CIMS BILASPUR
492/720 VIDYA JAHNVI GMC RANCHI
506/720 HITESH NISHAD RAJNANDGAON
492/720 KRISHNA DEWANGAN GMC RAIGARH
100+ Student Selected in Govt. College & Many More...
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ADMISSION OPEN 2026-27
11th-12th NEW BATCH 7th MAY
IIT-JEE DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) 7TH MAY
NEET DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) NEW BATCHS - 7th MAY & 18th MAY
FOUNDATION NEW BATCH (6TH TO 10TH) 8th MAY
SUMMER COURSE 8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM STARTING FROM MAY 1st WEEK 2026
A Promise beyond excellence
ACHARYA INSTITUTE
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### सर्व हिन्दू समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन में आज

**बिश्रामपुर।** वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग ईकाई द्वारा आज 3 मई को अग्रसेन भवन बिश्रामपुर में सर्व हिन्दू समाज की विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यकता, दिव्यांग एवं निराश्रित युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाना है, इसमें उपरोक्त सभी वर्ग की महिलाओं का पंजीयन एवं परिचय सम्मेलन में भाग लेने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। परिचय सम्मेलन हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमे वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग ईकाई के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल इस समिति के संयोजक है एवं समिति में सह संयोजक महेश गुप्ता, सह संयोजक दीनानाथ यादव, कोषाध्यक्ष तुलेश्वर जायसवाल, सदस्य मोहन गोयल, तोलाराम जैन, साहेब पाठक, श्याम घोषाल,अंजली चन्द्रा, माधुरी दास, सोनाली देवांगन, मंजु अग्रवाल, बिन्दु गुप्ता, शेषनारायण क्षत्री, दीलिप मिश्रा, उग्रसेन केसरी, हुकुम साय राजवाड़े एवं थलेश्वर साहू नामित किए गए हैं। सर्व हिन्दू समाज के लोग अपने-अपने समाज की महिलाएं व पुरुष जिनके वैवाहिक जीवन में परिस्थितिवश रुकावटें आई हैं और वे वैवाहिक जीवन से विरक्त हो चुके हैं, वे 3 मई को अग्रसेन भवन बिश्रामपुर में आकर परिचय सम्मेलन स्थल पर ही निःशुल्क पंजीयन करवा कर शामिल हो सकते हैं।

### गर्ल्स कॉलेज में संकाय संवर्धन कार्यक्रम

बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 30 अप्रैल को आईक्यूएसी के तत्वावधान में एक संकाय संवर्धन कार्यक्रम फैकल्टी इनरिचमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की अकादमिक और तकनीकी क्षमताओं में सुधार करना था, जिसमें विभिन्न विषयों पर गंभीर और विचारशील चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाप्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद कार्यकारी प्राचार्य भारत सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। उनके संबोधन में महाविद्यालय के शैक्षिक विकास और संकाय की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में दो प्रमुख सत्रों का आयोजन किया गया।

## पेज 1 के शेष...

### आंधी तूफान ने मचाई...

सक्रिय होने के कारण खाड़ी से लगाता नमी पहुंच रही है। इधर शनिवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकली। अपराह्न 3 बजे अचानक मौसम बदला तथा आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार अंधड़ चला। शहर सहित जिलेभर में तेज आंधी तूफान चला। इस दौरान लगभग 50-60 किमी की रफ्तार से हवाएं चली। तेज हवाओं के कारण शहर में भी समलाया मंदिर के समीप सहित अन्य स्थानों पर पेड़ गिरे। इसके साथ ही जिले के लखनपुर, उदयपुर, दरिमा धौरपुर, मैनपाट क्षेत्र में अंधड़ तूफान ने तबाही मचाई। इस दौरान सबसे अधिक नुकसान उदयपुर क्षेत्र में देखने को मिला है। उदयपुर क्षेत्र में लगभग 3 दर्जन से अधिक पेड़ उखड़ गए जबकि कई विद्युत पोल धराशायी हो गए। हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि लोगों के घरों के छप्पर उड़ गए। विद्युत पोल गिरने से शहर में भी कई घंटों तक विद्युत आपूर्त बाधित रही जबकि ग्रामीण इलाकों में विद्युत पोल गिरने के कारण विद्युत सप्लाई बंद हो गई है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने के साथ ही विद्युत पोलों के मरम्मत का काम समाचार लिखे जाने तक जारी था।

### अतिक्रमण हटाने गई टीम से...

भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो ननि की टीम जेसीबी वाहन पाटी गई मिट्टी को हटाने के लिए पहुंची थी। इसी बीच कार्रवाई के दौरान भूमि स्वामी मौके पर पहुंच गए और जमीन पर स्टे होने का हवाला देकर कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के साथ ही अधिकारियों से गाली गलौज की। कार्रवाई के विरोध और गाली गलौज का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद नायब तहसीलदार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और फिर से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। वहीं अब इस मामले में जेसीबी ऑपरेटर नमनाकला निवासी रवि शंकर पाल आ. स्व. राजेश कुमार पाल ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आजाद ईराकी, पप्पू कुरैशी एवं अन्य द्वारा ट्रेक्टर चालक, जेसीबी ऑपरेटर, उड़नदस्ता दल एवं के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने जयनगर निवासी आजाद इराकी आ. रियाजुद्दीन व बिश्रामपुर निवासी पप्पू कुरैशी समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 296, 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## दमकलकर्मियों के पास नहीं है सुरक्षा के साधन

# मूलभूत समस्याओं से जूझ रही फायर फाइटर की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुरक्षा नियमों की अवहेलना से ननि क्षेत्र में आग लगने की बढ़ती घटनाएं बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण करने वाली अग्निशमन की इकाई मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। न तो इकाई के पास आवश्यकता के अनुरूप वाहन हैं न ही पर्याप्त चालक सहित अग्निशमन के अन्य संसाधन। इन मूलभूत समस्याओं को उपेक्षित करना कभी भी खतरनाक स्थिति निर्मित कर सकता है।

**खास बात**
- दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों एवं पुराने वाहनों के माध्यम से किया जा रहा काम

प्रारंभ में फायर बिग्रेड का संचालन नगर निगम के माध्यम से हो रहा था लेकिन अब लम्बे समय से इसका संचालन होमगार्ड सेनानी के माध्यम से किया जा रहा है। हालत यह है फायर टीम को न तो ननि अपना कर्मचारी मानता है न ही होमगार्ड ही मानता है जिससे फायरकर्मी स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। अग्निशमन इकाई के पास 5 बड़ी एवं 1 छोटी वर्षों पुरानी दमकल वाहन एवं एक रेस्क्यू वाहन है। इन वाहनों के लिए 7 चालक है। कई बार अनेक स्थानों पर आग लगने की घटनाएं घटित होने पर खतरनाक स्थिति निर्मित हो जाती है तथा पड़ोसी जिलों से चालक एवं दमकल मंगाना पड़ता है। फायर टीम का संचालन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है। फायर सर्विस को 12 होमगार्ड के जवान एवं 13 दैनिकवेतन भोगी कर्मचारी चला रहे हैं। यह जानकार हैरानी होगी कि आग की ऊंची उठती लपटों के बीच अपनी जान को दांव पर लगाने वाले फायर फाइटर टीम के पास अपनी सुरक्षा के लिए न तो गम बूट है न ही ऊपर की मंजिल पर आग बुझाने के लिए जरूरी सीढ़ी एवं हाइड्रोलिक युक्त वाहन सहित पर्सनल प्रोटेक्शन सूट की उपलब्धता टीम के लिए सपना बना हुआ है। ननि द्वारा टीम के दैनिक भोगी कर्मचारियों को भी सामूहिक बीमा एवं चिकित्सा भत्ता की सुविधा दी जा रही थी जो लम्बे समय से बंद कर दिया गया है। फायर सेफ्टी टीम द्वारा अग्निशमन के लिए सीढ़ी, हाइड्रोलिक वाहन, संकरी गलियों में आग के नियंत्रण के लिए छोटी वाहन एवं पानी की उपलब्धता के लिए पूर्व की तरह पिलर पोस्ट हाइड्रेन बनाने की मांग की गई है। ननि के सामान्य सभा की बैठक में भी पक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने इस मुद्दे को उठाया था लेकिन इस दिशा में अभी कोई पहल नहीं हो सकी है।






### नहीं हैं पानी के लिए पाइंट

आग लगने की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण के लिए ननि द्वारा पूर्व में चोपड़ा पारा, त्रिकोण चौक, धोबी घाट, नमनाकला पानी टंकी, पुराने फायर स्टेशन, कलेक्टर बंगला एवं भगवानपुर में दमकल वाहनों को पानी उपलब्ध कराने पिलर पोस्ट बनाए गए थे। ननि ने पुराने फायर स्टेशन एवं केदारपुर पानी टंकी को छोड़कर अन्य पांच पिलर पोस्ट को बंद कर दिया है। ऐसे में शहर के किसी भी हिस्से में आग लगने पर टीम को पानी के लिए लम्बा सफर करना पड़ता है जिससे आग पर काबू पाने में अधिक समय लगता है।

### एक महीने में आग की 44 घटनाएं

अप्रैल के महीने में आग लगने की 44 घटनाएं घटित हुई है। अभी गर्मी के दो महीने शेष हैं जिसमें आग लगने की सर्वाधिक घटनाएं होती है। पिछले साल आग लगने की 143 घटनाएं हुई थी जबकि अभी तक 103 घटनाएं हो चुकी हैं। आग की घटनाओं में वृद्धि होने के पीछे व्यवसायिक संस्थानों द्वारा सुरक्षा नियमों की अवहेलना, विद्युत लोड बढ़ने से शॉर्ट सर्किट की घटनाओं में वृद्धि एवं घनी आबादी के बीच लकड़ी, गैस, टायर सहित अन्य संवेदनशील सामग्रियों के गोदाम एवं दुकानों को कारण माना जा रहा है। फायर टीम ने होटल सहित अन्य उद्यमियों को फायर सेफ्टी उपकरण सहित अन्य सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है लेकिन प्रशासन द्वारा सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी पर कार्रवाई नहीं की जाती जिससे आग लगने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

#### बढ़ रही संकरी गलियों की संख्या

शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही गलियों की संख्या बढ़ रही है। इन संकरी गलियों में वाहन घुसना संभव नहीं होने के कारण आग लगने पर भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। हाल ही में राम मंदिर रोड स्थित मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग लगने पर मुख्य मार्ग स्थित एक घर की बाउंड्री एवं शौचालय को तोड़ा गया तो दमकल वाहन दुकान के नजदीक पहुंची। फायर टीम के पास 65 मीटर दूर तक पानी का छिड़काव करने की ही व्यवस्था है। फायर टीम के पास वाटर टैंकर भी नही है जिसके कारण भारी परेशानी होती है। वर्षों पूर्व ऐसी 53 संकरी गलियों का चिन्हांकन किया गया था जहां आग लगने पर संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना जताई गई थी। अब ऐसी गलियों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। ननि द्वारा इन गलियों की चौड़ाई बढ़ाने की कोई पहल नहीं की गई है। शहरी क्षेत्र में झूलते विद्युत तारों के जाल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध हुकिंग को भी फायर बिग्रेड के लिए बड़ी समस्या मानी जा रही है।

### चल रही प्रक्रिया

फायर टीम को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। दमकल वाहनों की सर्विसिंग कराई जा रही है ताकि आवागमन में कोई समस्या न हो तथा समय पर घटनास्थल पर वाहन पहुंच सके।

-एसके कठौतिया
जिला सेनानी, होमगार्ड

# आदिवासी बच्चियों के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को दबाया नहीं जा सकेगा : लैतफलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग आदिवासी बच्चियों के सामुहिक अनाचार की घटना को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग ने ग्राम वंदना का दौरा कर घटनास्थल के निरीक्षण के साथ ही पीड़ति बालिकाओं से भी मुलाकात की। उनके साथ ही प्रदेश कांग्रेस के द्वारा गठित जांच दल ने भी उनके साथ पीड़ति बच्चियों से मुलाकात कर घटना एवं इसके उपरांत प्रशासनिक कार्रवाई में हुई गफलत की जानकारी ली है। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जांच दल की महिला सदस्यों ने करीब 1 घंटे तक एकांत में बच्चियों और उनके परिजनों से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। बच्चियों से प्राप्त जानकारी पर प्रतिक्रिया देते हुए सुश्री जरिता लैतफलांग ने कहा इन छोटी-छोटी जनजातीय बच्चियों ने घटना का जो विवरण दिया है वो भयावह और रौंगटे खड़े करने वाला है। हम सभी महिलाएं आंखों में आंसू भरकर और अपने कलेजे पर पत्थर रखकर उनकी बातों को सुन रहे थे। हम आश्चर्यचकित हैं कि इन बच्चियों पर हुए अत्याचार को किस प्रकार पुलिस और प्रशासन ने दबाने की कोशिश की। अगर वे सोच रहे हैं कि की बच्चीयों के आदिवासी होने के कारण मामला दबा दिया जायेगा तो वे गलतफहमी में हैं। मामले को दबाने का प्रयास अभी भी जारी है, पीड़तिों और उनके परिजनों को अभी भी धमकाया जा रहा है। इस मामले में अब भी वही दरोगा विवेचना कर रहा है, जिसने साक्ष्य लेने के प्रारंभिक दौर में अपराध ही कायम नहीं किया। उस चिकित्सक के विरुद्ध भी कार्रवाई नहीं हुई है जिसने गलत रिपोर्ट जारी किया। इस दरोगा और चिकित्सक के विरुद्ध साक्ष्य मिटाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- राष्ट्रीय सचिव ने की बच्चियों से मुलाकात, जांच टीम ने भी ली घटना की जानकारी



# पतरपारा में विधायक ने किया तेल मिल का उदघाटन, समूह की महिलाएं करेंगी संचालित

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरापारा के गेल्हापानी गांव में पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र के तहत सरसों, महुआ (डोरी) तेल मिल का शुभारंभ किया गया। इस तेल मिल का संचालन दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह पतरापारा द्वारा किया जाएगा, जिसमें पहाड़ी कोरवा समुदाय की 11 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने फीता काटकर तेल मिल का उद्घाटन किया।

- आदिवासी समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

यह परियोजना जिला यूनियन बलरामपुर के अंतर्गत लगभग 3 लाख 70 हजार रूपए की लागत से स्थापित की गई है। इस दौरान विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सरकार अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनजातीय समुदायों, विशेषकर पीवीटीजी वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार हो सके। इस तेल मिल की उत्पादन क्षमता प्रति घंटा 20 किलोग्राम तक है और एक दिन में लगभग 100 किलोग्राम सरसों की पेराई की जा सकती है। अनुमानित रूप से 3 किलोग्राम सरसों से 1 लीटर तेल प्राप्त होगा, जिससे प्रतिदिन लगभग 33 लीटर सरसों तेल उत्पादन संभव है। वहीं 3.5 से 4 किलोग्राम महुआ बीज से 1 लीटर महुआ तेल निकाला जा सकता है। इसके अलावा तेल निकालने के बाद सरसों की खली (पशु चारा) भी तैयार होती है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है। वन धन विकास केंद्र पतरापारा वर्तमान में 15 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 148 आदिवासी लाभार्थियों को जोड़कर कार्य कर रहा है। यह केंद्र न केवल स्थानीय उत्पादों को मूल्य संवर्धन प्रदान कर रहा है, बल्कि महिलाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। उत्पादित तेल की पैकेजिंग 500 मिलीलीटर और 1 लीटर के कंटेनरों में की जाएगी, जिससे स्थानीय बाजारों में इसकी बिक्री सुनिश्चित हो सके। ग्राम पंचायत पतरापारा के गेल्हापानी की पहाड़ी कोरवा बस्ती पहुंच मार्ग पर पुलिया के स्वीकृति दिलाई, इसके अलावा ग्रामीणों ने चंबोथा नाला में पुलिया की मांग किये तो विधायक ने मैं रात टार्च जलाकर देखी और पुलिया की स्वीकृति दिलाई ,पुलिया का निर्माण प्रारंभ हो चुका हैं। भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, जिला सदस्य रवि प्रताप मराबी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, उपवन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर अजय वर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रबंधक सुरेश सोनी, भाजपा मंडल महामंत्री बबलू यादव, सन्तोष तिवारी, सुरेश यादव, डिप्टी रेंजर अमृत प्रताप, सर्किल इंचार्ज अशोक शुक्ला, मालती मांझी, सरपंच ननहर आयाम, अमदरी सरपंच रामरतन नगेशिया व ग्रामीण थे।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियां तेज

**अंबिकापुर।** भाजपा कार्यालय में मासिक बैठक एवं आगामी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारियों पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यशाला के विषयों, रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं सफल संचालन हेतु आवश्यक दायित्वों पर गहन चर्चा हुई।

- संकल्प भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला पर चर्चा, दायित्व निर्धारित



बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को ग्रामीण आधारित विकास से जोड़कर संगठन को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण महाअभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की तथा अनुशासन और एकता पर बल दिया। इस अवसर पर विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज ने छत्तीसगढ़ सरकार के 'सुशासन तिहार 2026' के तहत विधायकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा समाधान शिविर लगाए जाने की जानकारी दी। प्रशिक्षण महाभियान के जिला प्रभारी अम्बिकेश केशरी ने कहा कि यह महाअभियान संगठन के आधार को मजबूत करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सत्रों में पूर्ण उपस्थिति एवं सक्रियता की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, नगर निगम सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, जन्मेजय मिश्रा, चन्द्रिका प्रसाद यादव, वैभव सिंह देव, अनिल अग्रवाल, देवेंद्रनाथ दुबे, पूनम टेकाम, नीरू मिस्त्री, रूपेश दुबे, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, प्रिया सिंह, बिंदेश्वरी लाल पैकरा, निशांत सिंह सोलु, अनिल तिवारी, अभिषेक सिंह देव, निरंजन रॉय, संजीव वर्मा, दीपक सिंह तोमर आदि अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# लक्ष्य शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**शंकरगढ़।** 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही लक्ष्य शिक्षण संस्थान में जश्न का माहौल है। संस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- श्रेयश और अंकिता ने 96 .5 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डीडी भगत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विकलु राम पैकरा उपस्थित रहे। संस्थान के संचालक सुदर्शन यादव एवं अभिभावकों ने अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के संचालक सुदर्शन यादव ने बताया कि पिछले 2 वर्षों से बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक निशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही थी। इस वर्ष 80 छात्रों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अग्निवीर सेना भर्ती के लिए निशुल्क बैच प्रारंभ है, जिसमें रहने और खाने की भी निशुल्क व्यवस्था की गई है। इस दौरान देव कुमार यादव, शिवकुमार यादव, प्रकाश बघेल, रामशरण यादव, अमानुल्लाह शाह नीरज तिर्की, आशीष नरेंद्र उत्तम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.के.एस.भाटिया
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
डॉ.सौरभ जैन
डॉ.निशांत कुमार साहू
03 मई 2026, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411